प्रेस नोट – थाना कांट

जनपद शाहजहाँपुर

दिनांक – 25.11.2026

थाना कांट पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वाँछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही, अवैध शराब एवं अवैध शस्त्रों की बिक्री पर अंकुश लगाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कांट के नेतृत्व में थाना कांट पुलिस टीम द्वारा महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 25.11.2026 को वादी द्वारा थाना कांट पर दी गई तहरीर बावत अभियुक्त आकाश पुत्र रामू, निवासी ग्राम वरेण्डा उर्फ मुनव्वरगंज, थाना कांट, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बात करने के लिए परेशान करना, जिससे क्षुब्ध होकर वादी की पुत्री द्वारा आत्महत्या कर लेने के सम्बन्द में दी । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कांट पर मु0अ0सं0 530/2026, धारा 108 बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त प्रकरण में थाना कांट पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त आकाश को पूछताछ हेतु थाने लाया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किए जाने पर उसे अपराध से अवगत कराते हुए दिनांक 25.11.2026 को समय करीब 15:55 बजे थाना कांट कार्यालय से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -

- आकाश पुत्र रामू, उम्र करीब 18 वर्ष, निवासी ग्राम वरेण्डा उर्फ मुनव्वरगंज, थाना कां, शाहजहाँपुर।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

- मु0अ0सं0 530/2026 धारा 108 बी0एन0एस0 थाना कांट, जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थान का विवरण -

- दिनांक 25.11.26 को समय 15.55 बजे थाना कांट, जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 श्री अनुज कुमार तोमर, थाना कांट, जनपद शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 श्री पवन कुमार,